प्रादेशिक समाचार
दिनांक–23.05.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशव्यापी 19वें रोजगार मेले के तहत 51 हजार से अधिक युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नियुक्ति पत्र सौंपे हैं। देश भर में 47 स्थानों पर इस मेले का आयोजन किया गया था। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकारी नौकरियां नागरिकों के जीवन को बेहतर और आसान बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि देश ने अपने कर्मयोगियों पर भरोसा जताया है, और अब यह उनकी ज़िम्मेदारी है कि वे अपनी लगन, आचरण और रोज़मर्रा के कामों से उस भरोसे का मान रखें और उसे और मज़बूत करें।

****

इसी कड़ी में रांची के सीसीएल सभागार में भी एक कार्यक्रम हुआ। रांची के इस मेले में रेलवे, सेना और डाक विभाग सहित छह अलग–अलग विभागों के 132 सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए गए। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने खुद 25 युवाओं को अपने हाथों से नियुक्ति पत्र सौंपे। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता से किया हर वादा पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को लाखों नौकरियां देने का संकल्प क्रमबद्ध तरीके से पूरा हो रहा है।

****

रामगढ़ के पतरातू में लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गर्ल्स एम्पावरमेंट मिशन 2026 की शुरुआत की गई है। पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड– पीवीयूएनएल ने 22 मई को इस विशेष कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत आस–पास के स्कूलों की 50 छात्राओं को चुना गया है। उद्घाटन समारोह में पीवीयूएनएल के सीईओ ए. के. सहगल और स्वर्णरेखा महिला समिति की अध्यक्षा रेनू सहगल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में शामिल सभी 50 छात्राओं को पढ़ाई और ट्रेनिंग के लिए बैग, यूनिफॉर्म, जूते और जरूरी किट भी बांटे गए।

****

कोडरमा के एनसीसी कैडेट आकाश कुमार ने अरुणाचल प्रदेश की साढ़े 17 हजार फीट ऊंची बर्फीली चोटी पर तिरंगा फहराया है। उन्होंने देश के 20 लाख कैडेट्स में से चुने गए केवल 8 कैडेटों में शामिल होकर झारखंड का मान बढ़ाया। आकाश ने दिरांग के राष्ट्रीय संस्थान से अपना उन्नत पर्वतारोहण प्रशिक्षण पूरा किया है। इस बड़ी उपलब्धि के बाद कोडरमा रेलवे स्टेशन पहुंचने पर एनसीसी कैडेट्स और परिजनों ने उनका भव्य स्वागत किया। आकाश ने कहा कि माता–पिता के आशीर्वाद और गुरुओं की प्रेरणा से उन्होंने इस कठिन मुकाम को हासिल किया है।

****

बोकारो की बालीडीह पुलिस ने एल्यूमिनियम तार चुराने और बेचने वाले एक शातिर गिरोह को पकड़ा है। पुलिस ने एक कार का पीछा कर चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। कार की तलाशी लेने पर उसके अंदर से करीब 70 किलो कटा हुआ एल्यूमिनियम तार बरामद हुआ। मुख्यालय डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि यह गिरोह बोकारो स्टील प्लांट के आसपास से तार चोरी करता था।

****

उधर हजारीबाग पुलिस ने एक बड़ी साजिश को नाकाम करते हुए राहुल दुबे गैंग के शातिर अपराधी जियाउल रहमान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक लोडेड पिस्टल, जिंदा कारतूस और खोखा बरामद किया है। बड़कागांव एसडीपीओ अमित आनंद ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि वह बानादाग रेलवे साइडिंग में लेवी वसूलने और दहशत फैलाने के लिए फायरिंग करने जा रहा था।

**********समाप्त**********